सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **389**
19/04/2026

राज्यपाल ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों हेतु आयोजित विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांट के अंतिम स्क्रीनिंग शिविर का उद्घाटन किया

पटना, 19 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने माँ वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा माँ ब्लड सेंटर परिसर में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों हेतु आयोजित विशेष बोन मैरो ट्रांसप्लांट के अंतिम स्क्रीनिंग शिविर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं एवं बड़ी आपदाओं के समय रक्त की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ जाती है, ऐसे में माँ ब्लड सेंटर जैसी संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसका और विस्तार किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँच सके।

राज्यपाल ने कहा कि समिति को टी०बी० मुक्त बिहार के लक्ष्य की प्राप्ति तथा प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के लिए भी सक्रिय प्रयास करने चाहिए। उन्होंने नई पीढ़ी में बढ़ते मादक पदार्थों के सेवन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पंजाब और जम्मू–कश्मीर के बाद अब बिहार में भी यह प्रवृत्ति बढ़ने लगी है। उन्होंने आगाह किया कि इस समस्या को प्रारंभिक स्तर पर ही रोकना आवश्यक है और इस दिशा में समाजसेवी संस्थाओं, विशेषकर माँ वैष्णो देवी सेवा समिति की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो सकती है।

इस अवसर पर माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के महासचिव श्री संजय तोतला, पूर्व अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह एवं पूर्व कोषाध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल, नारायण हेल्थ सिटी, बैंग्लोर के डॉ० सुनील भट्ट, माँ वैष्णो देवी सेवा समिति व माँ ब्लड सेंटर के सदस्यगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....